## खबर संक्षेप

### सतना में औसत से कम हुई वर्षा

**सतना।** जिले में 1 जून से 25 अगस्त के बीच 857.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है,जो जिले की सामान्य औसत वर्षा 891.7 मिलीमीटर से थोड़ी कम है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार, बरौंधा में 1173.3 मिमी,सतना में 1011.9 मिमी और नागौद में 996 मिमी बारिश हुई है,जबकि जसो तहसील में सिर्फ 415.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। पिछले साल इसी अवधि में जिले में 558.2 मिमी औसत वर्षा हुई थी। यह जानकारी बताती है कि इस साल सतना में पिछले साल की तुलना में ज्यादा बारिश हुई है,लेकिन फिर भी यह सामान्य स्तर से थोड़ा पीछे है।

### मैहर जिले में औसत से कम वर्षा दर्ज

**मैहर।** जिले में 1 जून से 25 अगस्त 2025 के बीच 847.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह जिले की सामान्य औसत वर्षा 919.7 मिलीमीटर से कम है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर के अनुसार,इस दौरान अमरपाटन तहसील में 899 मिमी, मैहर में 770.5 मिमी और रामनगर में 874 मिमी वर्षा दर्ज की गई। पिछले साल इसी समय मैहर में 796.8 मिमी औसत वर्षा हुई थी, जिससे पता चलता है कि इस साल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बारिश हुई है। यह जानकारी जिले में बारिश की स्थिति को दर्शाती है और जल प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन

**सतना।**राष्ट्रीय खेल दिवस (29-31अगस्त) के अवसर पर,मध्यप्रदेश के सभी जिलों में खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और उन्हें खेल,योग जैसी गतिविधियों से जोड़ना है। खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे इस कार्यक्रम के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और तीन दिन की कार्ययोजना बनाएं।इस आयोजन में स्थानीय विधायकों , सांसदों,स्कूलों और खेल संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।साथ ही,स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

### तीन साल से नहीं लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीण हो रहे परेशान

**कटनी।** सरसवाही गांव के सड़क किनारे कोदुलाल यादव के घर के सामने लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले तीन वर्षों से नहीं लग पाया है। विभाग द्वारा खराब होने पर ट्रांसफार्मर को सुधार के लिए ले जाया गया था, लेकिन आज तक वापस नहीं लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर हटाए जाने के बाद से वे लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं। मजबूरी में वे दूसरे ट्रांसफार्मर से अस्थायी जुड़ाव कर काम चला रहे हैं। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में लगे बिजली के तार और केबल जर्जर हालत में हैं। बरसात के दिनों में इनमें करंट दौड़ने लगता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा बरती जा रही बेपरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश हैं।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा 12 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम बसाडी में स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 12 दिवसीय जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यह प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयकअनुपम पाण्डेय के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन के लिए शासनद्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई।

## सतना में वायरल इन्फेक्शन का कहर: सर्दी-जुकाम और पेट दर्द के मरीजों की भीड़, इलाज में लापरवाही का आरोप





सतना।

जिले में इन दिनों वायरल इन्फेक्शन तेजी से फैल रहा है,जिसकी वजह से सर्दी,जुकाम,बुखार और पेट दर्द के मरीजों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। शहर के सबसे बड़े अस्पताल,सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल में इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि उन्हें समय पर डॉक्टर नहीं मिल पा रहे हैं,जिससे इलाज में देरी हो रही है। साथ ही,ब्लड टेस्ट जैसी जरूरी जांचों के लिए भी मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई मरीज जो दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से किराया खर्च करके इलाज के लिए आ रहे हैं,उन्हें इन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ,जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.तिवारी ने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर जोर दिया है। उनका कहना है कि सभी मरीजों को उचित इलाज दिया जा रहा है और डॉक्टर पूरी लगन से मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। हालांकि,मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण व्यवस्थाएं चरमराती दिख रही हैं,जिससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

## मैहर पुलिस ने 60 गुम हुए मोबाइल लौटाए



मैहर

पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, गुम हुए 60 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए हैं।इन मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 10.35 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर साइबर सेल मैहर की टीम ने सीईआईआर पोर्टल का उपयोग करके इन फोनों को ट्रैक किया। ये मोबाइल सतना,रीवा,दिल्ली,गुजरात और अन्य कई स्थानों से बरामद किए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उनका फोन गुम हो जाए तो सबसे पहले नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं और फिर पोर्टल पर जाकर उसे ब्लॉक करवाएं। इससे फोन का गलत इस्तेमाल नहीं हो पाएगा और उसे खोजना आसान होगा। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## एकेएस की छात्रा अनुष्का ने ट्रेडिशनल योगा में किया शानदार प्रदर्शन



**सतना।** तात्या टोपे स्टेडियम,भोपाल में सम्पन्न हुई मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय योगा चैम्पियनशिप 2025 में सतना जिले की एकेएस यूनिवर्सिटी की छात्रा अनुष्का त्रिवेदी ने ट्रेडिशनल योगा में शानदार प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन ने न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे सतना जिले का नाम रोशन किया। अनुष्का ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल प्रतियोगिताओं में सफलता दिलाता है,बल्कि यह आत्मविश्वास,एकाग्रता और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करता है। योग से शरीर लचीला होता है,तनाव दूर होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उल्लेखनीय है कि अनुष्का इससे पूर्व जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर चुकी हैं और उड़ीसा में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी योगा चैम्पियनशिप में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एकेएस यूनिवर्सिटी और सतना को गौरवान्वित कर चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर योग विभाग प्रमुख दिलीप तिवारी,गणेश सर और सुनील पांडेय ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अनुष्का जैसी प्रतिभाएँ आने वाली पीढ़ी को योग अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

## मातृत्व सुरक्षा योजना में घटिया स्वल्पाहार पर महिलाओं में नाराजगी



**मैहर।** सिविल अस्पताल में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को बांटे गए स्वल्पाहार पैकेट की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें दिए गए पैकेट में बहुत ही घटिया और कम मात्रा में सामान था,जिसकी कीमत 20 रुपये से ज्यादा नहीं थी,जबकि सरकार ने प्रति पैकेट 50 रुपये निर्धारित किए हैं। इस पर गर्भवती महिलाओं ने गहरी नाराजगी जताते हुए ठेकेदार पर घटिया खाना देने का आरोप लगाया। बीएमओ डॉ.पीयूष पांडे ने मामले की पुष्टि की और ठेकेदार को नोटिस जारी कर भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी है।

## बढ़े हुए बिजली बिल और ट्रांसफॉर्मर की समस्या को लेकर प्रदर्शन



मैहर।

घुनवारा में बढ़े हुए बिजली बिल और जले हुए ट्रांसफॉर्मर को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षप्रभात द्विवेदी और अशोक साहू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोग बाइक रैली निकालकर घुनवारा विद्युत कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि जले हुए ट्रांसफॉर्मर के कारण गांवों में बिजली की समस्या बनी हुई है,जिससे छात्रों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा,अंधेरे में जहरीले कीड़ों का डर भी बना रहता है।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

## हरतालिका तीज के लिए बाज़ार गुलजार, महिलाएं कर रहीं खरीददारी



सतना

हरतालिका तीज को लेकर सतना के बाज़ार पूरी तरह से सजे हैं और महिलाओं में इस पर्व को लेकर ज़बरदस्त उत्साह है।बाज़ारों में हर तरफ महिलाएं मेहंदी लगवाती और ख़रीददारी करती हुई दिख रही हैं। महिलाएं और लड़कियाँ तीज की ख़रीददारी में जुट चुकी हैं। हरतालिका तीज को लेकर उनका उत्साह अपने चरम पर है।इस पर्व को मनाने का ढंग हर वर्ग की महिलाओं का अलग होता है। इस दिन जहाँ भी देखो,महिलाओं के हाथ ख़ूबसूरत चूड़ियों और मेहंदी से सजे हुए नज़र आते हैं। वैसे तो तीज की तैयारियाँ महिलाएँ कई महीने पहले से ही शुरू कर देती हैं। इस दिन क्या पहनना है,कैसा मेकअप होगा,चूड़ियों का रंग क्या होगा,किस स्टाइल की पायल पहननी है और गहने कैसे होंगे-इस तरह की तैयारियाँ सिर्फ शादीशुदा महिलाएँ ही नहीं बल्कि कुँवारी लड़कियाँ भी शुरू कर देती हैं। वे ख़ास तौर पर अपने लिए कपड़े,गहने और मेकअप का सामान ख़रीद रही हैं।आदर्श नगर की गुडिया गुप्ता ने बताया,हरियाली तीज का इंतज़ार और उसकी तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं। इस दिन मुझे अपने मायके जाना होता है। मायके में मेरी शादीशुदा सहेलियाँ भी इसी दिन आती हैं,जहाँ हम सब मिलकर पूजा-पाठ करते हैं।

## केजेएस सीमेन्ट लेडीज ने मराठी वेशभूषा में मनाई हरियाली तीज

**मैहर।** केजेएस सीमेन्ट राजनगर के आवासीय परिसर स्थित देवेन्द्रराज क्लब में महिला मंडल ने हरियाली तीज उत्सव नृत्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आभा सिंघवी ने इस वर्ष की हरियाली तीज का टॉपिक सर्व मराठी रखा इसलिए सभी महिलाएं मराठी संस्कृति में रचे बसे परिधान में समारोह स्थल पर पहुंचीं।समारोह स्थल डीआरसी परिसर को फूलों की आकर्षक रंगोली,रंगीन गुब्बारों तथा पुष्पहारों से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत रिंकी मिश्रा ने गणेश वंदना नृत्यगान से की। इसके बाद शिव-वंदना एवं मराठी लावणी पर सामूहिक नृत्य हुए। रैंप वॉक में भी बैकग्राउंड में मराठी गीत संगीत गूंजता रहा। साजसज्जा,पूर्ण मराठी वेशभूषा एवं नफासत के आधार पर ललिता शुक्ला को हरियाली क्वीन का पारितोषिक प्रदान किया गया।कार्यक्रम के संचालन में आभा सिंघवी जी का सहयोग उत्सव समिति की सदस्य रश्मि श्रीवास्तव,रविता शुक्ला एवं विनीता सिन्हा ने किया। सभी ने मिलकर क्विज हाउसिंग,विभिन्न गेम्स एवं मनोविनोद से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सोनू सिंह बघेल,संध्या सिंह चौहान,दीपा शुक्ला,दीपिका वर्मा,पूनम पांडे प्रतिभा श्रीवास्तव, रिंकी मिश्रा,प्रीति गुप्ता,पूनम सानी,मौसमी जानां,महिमा चतुर्वेदी,कृष्णा साहू,आभा राय,भूमि साहू एवं चांदनी सक्सेना की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





### नदी में तैरता मिला लापता युवक का शव

मैहर।

नादन गांव में नदी में एक युवक का शव तैरता मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने शव को नदी से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान अनिल पाठक उर्फ भोला 32 वर्ष के रूप में हुई है,जो रामपुर बघेलान का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि वह रविवार को खेत गया था और उसके बाद से लापता था। स्थानीय लोगों का मानना है कि वह स्टॉप डैम पार करते समय फिसलकर नदी में गिर गया होगा। हालांकि,परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। नादन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है।

### शादी का झांसा देकर रेप,आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** शादी का झूठा वादा करके एक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में,सिटी कोतवाली पुलिस ने पुष्पेंद्र कुशवाहा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेष सिंह बघेल,और नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई। पीड़िता ने 24 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई कि उसके गांव हरदुआ उबारी का रहने वाला पुष्पेंद्र कुशवाहा 2019 से उससे शादी करने का वादा कर रहा था। इसी वादे के तहत उसने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। हालांकि,2023 में उसने किसी और से शादी कर ली। इसके बाद भी उसने पीड़िता को यह कहकर गुमराह किया कि वह अपनी पत्नी को छोड़कर उससे शादी करेगा और 8 मई 2025 को फिर से उसके साथ संबंध बनाए। जब पीड़िता को लगा कि उसके साथ धोखा हुआ है,तो उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। सिटी कोतवाली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी पुष्पेंद्र कुशवाहा को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया,जहां से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर प्रशिक्षण

**सतना।** जिले में नगर पालिका और पंचायतों की मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर हुआ। अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह की उपस्थिति में,मास्टर ट्रेनर्स ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों को मतदाता सूची तैयार करने के तरीके सिखाए। संशोधित मतदाता सूची 8 अक्टूबर को सार्वजनिक की जाएगी,जिस पर 17 अक्टूबर तक आपत्तियां ली जा सकेंगी। इन आपत्तियों का निपटारा 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर 2025 को होगा।

### तेज रफ्तार कार ने बोलेरो को मारी टक्कर

मैहर

मैहर-बरही रोड पर हरनामपुर के पास देर रात एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सड़क किनारे खड़ी बोलेरो गाड़ी को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो पास की एक दुकान के शटर से जा टकराई। इस दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,सड़क पर बने गड्ढे के कारण कार अनियंत्रित हो गई थी। घटना के बाद दोनों कार चालक मौके से फरार हो गए। मैहर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और बिना नंबर वाली स्विफ्ट कार के मालिक की तलाश कर रही है।

### 'रिसोर्स पर्सन' पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**सतना।**आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना के लिए सतना जिले में दो 'रिसोर्स पर्सन' (सुविधाकर्ता) का चयन किया जा रहा है। ये लोग लाभार्थियों को सहायता प्रदान करेंगे। उप संचालक उद्यान अनिल सिंह ने बताया कि इन पदों के लिए 26 अगस्त तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करने वाले के पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिए और फूड प्रोसेसिंग या कृषि क्षेत्र के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने दस्तावेज जैसे आधार कार्ड,पैन कार्ड,शैक्षिक प्रमाण पत्र और पासपोर्ट फोटो के साथ उप संचालक उद्यान के कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## रेडिमेड वस्त्र व्यापारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित




**सतना।** रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार,24 अगस्त को मोती महल सतना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की।

### मुख्य आकर्षण

प्रथम सत्र की शुरुआत गणेश वंदना से हुई,जिसके बाद अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रेडिमेड गारमेंट्स क्लस्टर की स्थापना पर जोर देते हुए शहर में रेडीमेड व्यापार के विकास पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे इस पहल से स्थानीय व्यापार को नई ऊंचाइयां मिल सकती हैं। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्षों, शहर की अन्य व्यापारिक संस्थाओं जैसे जनरल मर्चेंट एसोसिएशन,ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, हार्डवेयर पेंट्स एसोसिएशन,क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन और मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त,संजय शाह और अन्य पत्रकार बंधु भी शामिल हुए।

### सम्मान समारोह और नई कार्यकारिणी का गठन

इस अवसर पर,संस्था ने सुंदर दास वाधवानी और पवन कानोडिया को वरिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया। द्वितीय सत्र में संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया,जिसमें सर्वसम्मति से निम्न लिखित पदाधिकारियों को चुना गया। अध्यक्ष रवि मीरानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद चंदानी कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल जव्हरानी,महामंत्री सचिन जैन 'मंटू' वरिष्ठ सह मंत्री शुभनय चौधरी कनिष्ठ सह मंत्री रामचंद्र गजनानी इसके अलावा,आठ कार्यकारिणी सदस्यों में वर्धमान जैन,मुकेश जव्हरानी,राहुल नागदेव,पुरुषोत्तम गुप्ता,विजय चौरसिया,संदीप जैन,आशीष गुप्ता,और दीपक खूबचंदानी शामिल हैं। यह अधिवेशन न केवल व्यापारिक चर्चाओं का मंच बना,बल्कि इसने संघ की एकता और भविष्य की दिशा को भी मजबूत किया।

**खबर संक्षेप**

## त्यौहारों को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक सपन्न



**अमानगंज।** पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के द्वारा आगामी त्यौहारों को लेकर शांति शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिन्दू -मुस्लिम दोनों समुदायों की मौजूदगी में गणेशोत्सव और ईद मिलादुन्नबी त्योहारों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें थाना प्रभारी ने कहा कि गणेश उत्सव समिति के आयोजक पंडाल को खाली न छोड़े एक व्यक्ति अनिवार्य रूप से पंडाल में पूरे समय रहे और सभी गणेश उत्सव आयोजन समितियो द्वारा अस्थाई विद्युत कनेक्शन एवं प्रशासनिक अनुमतियां अवश्य ली जाएं। जिससे किसी भी अप्रिय दुर्घटना होने पर परेशानी ना हो। बैठक में तहसीलदार ममता मिश्रा सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि, हिंदू-मुस्लिम समुदायों के गणमान्य नागरिक एवं मीडिया तंत्र की मौजूदगी रही।

## राज्य स्तरीय परीक्षा सुपर हंड्रेड में शुभम का चयन



**पन्ना।** दिवस जिला स्तर पर राज्य स्तरीय सुपर हंड्रेड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें अनेक छात्रों ने भाग लिया था पन्ना जिले से एकमात्र शुभम गुप्ता निवासी मोहंद्रा का चयन हुआ है। उन्होंने प्रदेश में 33वीं रैंक हासिल की है तथा 86ः अंक अर्जित किए हैं उक्त प्रतियोगिता में चयन होने पर अब उनका चयन ती कोचिंग सेंटर इंदौर में हो जाएगा शुभम गुप्ता पन्ना जिला मुख्यालय में स्थित सी एम राइस विद्यालय के छात्र हैं उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय से सी एम राइस विद्यालय के प्राचार्य अध्यापकों तथा राज एकेडमी एवं पांडे कोचिंग सहित अपने माता-पिता को दिया है।

## रेंजर सहित 25 कर्मचारियों ने जरूरमंदों के लिए किया ब्लड डोनेट



**पवई।** ब्रम्हकुमारी संस्था पन्ना के तत्वाधान मे शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई मे ब्लड डोनेट शिविर आयोजित किया गया जिसमे वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल सहित वन विभाग एवं पुलिस विभाग के 25 कर्मचारियों ने ब्लड डोनेट किया जो जिला चिकित्सालय मे गर्भवती महिलाओं तथा अन्य जरूरतमंद लोगो के लिए काम आता है।

## माटी गणेश -सिद्ध गणेश का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक संपन्न



**पवई।** जनपद पंचायत कार्यालय स्थित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पवई के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम माटी गणेश -सिद्ध गणेश का आयोजन किया गया जिसमें नवांकुर समितियां के अध्यक्ष, सचिव, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र/ छात्राएं परामर्शदाता एवं प्रस्फुटन समिति के दो दो सदस्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी जनमानस को शपथ दिलाई गई कि पर्यावरण संरक्षण के आगामी गणेश पर्व पर हम सभी अपने गांव ,नगर, घर, परिवार में माटी गणेश -सिद्ध गणेश की स्थापना करेंगे। इसके बाद एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला समन्वयक सुश्री अनीता जी द्वारा किया गया कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ब्लॉक समन्वक जगदीश सिंह द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष नामदेव के द्वारा किया गया।

# शाहनगर आदर्श ग्राम पंचायत में शंकरजी की दिव्य प्रतिमा का भव्य पूजन समारोहः विधायक प्रहलाद सिंह लोधी ने किया लोकार्पण

**शाहनगर।**

जनपद पंचायत शाहनगर की ग्राम पंचायत शाहनगर में सोमवार को एक भव्य आयोजन के तहत भगवान शंकर जी की दिव्य प्रतिमा की स्थापना एवं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पंचायत परिसर में स्थापित पंचायत गेट, पंचायत पार्क, पंचायत कार्यालय तथा रानी लक्ष्मीबाई शहीद स्मृति स्तंभ का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक प्रहलाद लोधी जी ने प्रचीन परंपरा को जीवित करने तथा लघु उद्योग के माध्यम से पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने की बात की जिसमे छूला के पत्तों से दोने बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों से अपील की साथ ही स्वच्छता का माहौल बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष श्री सुलभ उरमलिया ने शाहनगर को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या, संसाधनों एवं विकास की दृष्टि से शाहनगर अब ग्राम पंचायत से आगे बढ़ चुका है और इसे नगर पंचायत घोषित किया जाना चाहिए। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच श्री मनोज शीरू जैन ने अपने संबोधन में नवीन पंचायत स्वागत गेट की मांग रखते हुए कहा कि ग्राम की पहचान को और सशक्त बनाने हेतु यह गेट आवश्यक है। आदर्श ग्राम पंचायत शाहनगर के द्वारा नवाचार के माध्यम से कुछ नवीन योजनाओं का भी शुभारंभ किया गया। प्लास्टिक से मुक्त वातावरण बनाने हेतु निः शुल्क बर्तन बैंक का शुभारंभ जिसमे 1100 से अधिक स्टील के बर्तन ग्राम पंचायत अंतर्गत होने वाले निजी व सार्वजनिक कार्यक्रमों में निः शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। मातृ शिशु किट योजना के माध्यम से समीक्षा जैन को प्रथम किट प्रदान की गई जिसमे साड़ी, बच्चों की देखभाल के समान, बच्चों के लिए कपड़े, और पोषण सामग्री विधायक प्रहलाद सिंह लोधी जी के द्वारा प्रदान की गई। प्रसव हेतु पंचायत के लिए निः शुल्क वाहन उपलब्ध कराया गया जिसका वाहन क्रमांक डच 218। 0814 है। गर्भवती महिलाओ को पोषण हेतु खाद्यान सामग्री का होगा वितरण जिसमे आयरन व कैल्शियम की गोलियों के साथ प्रोटीन युक्त आहार फल फूल और गुड़ गर्भवती महिलाओं को प्रदान किया जाएगा। पूरे आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भजन, प्रसादी वितरण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी भक्तिमय वातावरण बना दिया।






# किसानों के चक्का जाम में फंसी एंबुलेंस, खाद-बीज नहीं मिलने पर सलेहा मार्ग पर लगाया जाम, मौके पर पहुंचे अधिकारी





**पन्ना।**

सोमवार की दोपहर खाद-बीज नहीं मिलने से गुस्साए किसानों ने सालेहा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी। किसानों ने सलेहा सड़क मार्ग पर अपनी गाड़ियां खड़ी कर दी। जिसके चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। इस बीच सलेहा जा रही एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। जैसे-तैसे मौके पर मौजूद पुलिस ने उसे बाहर निकाला। पन्ना डीएमओ का कहना है कि जिले में खाद की कमी नहीं है तो फिर कैसे किसान जाम लगा रहे खाद को लेकर सहकारी विपणन संघ मर्यादित देवेंद्रनगर में किसान भारी संख्या में यूरिया खाद लेने पहुंचे थे जहां पर बताया जा रहा है कि लगभग 2000 से 2500 किसान थे जब किसानों को खाद नहीं मिली तो किसानों ने गुस्सा कर देवेंद्र नगर सलेहा रोड में चुका जाम कर दिया वहीं पुलिस को जानकारी लगते ही पुलिस ने किसानों को समझा कर जाम खुलवाया। और किसानों को टोकन वितरण किया वहीं किसानों का कहना है कि हमें खाद की पांच या 10 बुरी चाहिए होती है तो एक बोरी मिलती है और सुबह से लाइन में लगे रहते हैं कई दिनों से चक्कर काट रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है। जब इस पूरे मामले को लेकर खाद गोदाम प्रभारी विजय शंकर पांडेय से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि आज 1200 बोरी यूरिया खाद वर्तमान में है जिसे टोकन के माध्यम से एक याद तो पूरी दी जा रही है।

# गणेश चतुर्थी, ईद मिलादुलनबी व अनंत चतुर्थी क़ो लेकर थाना परिसर में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

### एसडीएम व एसडीओपी ने शासन की गाइडलाइन की दी जानकारी

**अजयगढ़**

अजयगढ़ के थाना परिसर मे गणेश चतुर्थी ईद मिलादुलनबी व अनंत चतुर्थी त्यौहार क़ो लेकर एसडीएम आलोक मार्को, एसडीओपी राजीव सिंह, सीएमओ राजेंद्र सिंह, वाईसी अमरजीत सिंह की उपस्थिति मे शांति समिति कि बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया के द्वारा शासन की गाइडलाइन के संबंध में जानकारी दी गई।वही एसडीएम आलोक मार्को ने लोगो से आपसी सौहार्द पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने के लिए कहा।उक्त बैठक के दौरान बताया गए की 27 अगस्त को नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों सहित लोगो के घरों मे गणेश प्रतिमायो की बैठकी की जावेगी।इस दौरान सभी पंडाल वाले रात्रि मे एक व्यक्ति के रुकने की व्यवस्था रखते हुए पंडालो मे लगने वाले साउंड को शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार ही बजाये।पंडालो के द्वारा नियमानुसार विद्युत कनेक्शन लिए जावे।इसके साथ दोनों त्योहारों मे साफ सफाई व पानी की व्यवस्था नगर परिषद के द्वारा की जाएगी और पूरे दिन बिजली आपूर्ति की व्यवस्था बिजली विभाग द्वारा की जाएगी।बारा बफात के एक दिन पूर्व वाहन रैली के साथ साथ अगले दिन जुलूश निकालने की बात कही गई।कोई भी समस्या आने पर तत्काल अधिकारियों से संपर्क कर सकते है।बैठक के दौरान बीएमओ शोभाराम शर्मा, चौकी प्रभारी हनुमतपुर सावित्री राजपूत, वरिष्ठ नेता संजय सुल्लेरे, वीरेंद्र जैन, योगेंद्र सिंह, दादूराम मिश्रा, रिंकू खान, अजय नामदेव, अनिल गुप्ता, सिब्बू रावत, विवेक तिवारी, रिजवान खान, अकरम खान, भागचंद्र सोनी, नसीर खान, मेहबूब खान सहित नगर परिषद से संजय जैन उपस्थित रहें।




# महिला सशक्तिकरण के नाम पर भ्रष्ट अफसर कर रहे अपना आर्थिक सशक्तिकरण

### डीएचईडब्ल्यू के बजट की जानकारी मांगने पर बंदरबाट करने वालों में मचा हड़कंप

**पन्ना।**



मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल अंतर्गत आने वाले अति पिछड़े पन्ना जिले में महिलाओं की स्थिति आज भी काफी दयनीय बनी है। शासन की तमाम योजनाओं-कार्यक्रमों के बाद भी कमजोर वर्गों की महिलाएं विकास के बुनियादी मापदंडों में ही बहुत पीछे हैं। कारण, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जाने वाली महत्वकांक्षी योजनाओं का शासन की मंशानुरू धरातल पर क्रियान्वयन होना है। पन्ना में महिला एवं बाल विकास विभाग के भ्रष्ट अफसर आधी आबादी (महिलाओं) के सशक्तिकरण के लिए आने वाले बजट को पलीता लगाकर अपना आर्थिक सशक्तिकरण करने में जुटे हैं। जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (क्र्भ्र्) पन्ना में कागजों पर महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य और पोषण के मामलों में जिले की महिलाओं की अत्यंत ही चिंताजनक स्थिति विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों से बयां होती है। हालांकि, जमीनी स्तर ᵖ हालात कहीं अधिक गंभीर हैं। कौशल विकास से लेकर डिजिटल साक्षरता के मामले में महिलाओं की हालत अनपढ़ जैसी है। ऐसे में सहज ही सवाल उठता है जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (क्र्भ्र्) आखिर कर क्या रहा है। केंद्र की रहस्यमयी कागजी गतिविधियों-उपलब्धियों का पता लगाने के लिए प्रेमनारायण सिंह परिहार ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विस्तृत जानकारी मांगी है। महिला सशक्तिकरण केंद्र के संबंध में मौखिक जानकारी मांगने पर विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार टालमटोल किए जाने की वजह से आरटीआई के तहत आवेदन प्रस्तुत करना पड़ा है। जिसके बाद से डीएचईडब्ल्यू के बजट को प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास से जुड़ीं गतिविधियों के नाम पर डकारने वाले अधिकारी-कर्मचारियों में जबरदस्त हड़कंप मचा है। जिले के गुनौर विकासखंड अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में कथित गड़बड़ी के आरोपों को देखते हुए प्रेमनारायण ने खंड स्तरीय चयन समिति की कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग को चालू वित्तीय वर्ष के दूसरे त्रैमास में प्राप्त आवंटन, व्यय राशि और सांझा चूल्हा योजना के तहत समूहों को किए गए भुगतान सहित कुल छह बिंदुओं की जानकारी मांगी है। प्रेमनारायण ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग से वांछित जानकारी प्राप्त होने पर जल्द ही विभाग के फर्जीवाड़े को सप्रमाण उजागर किया जाएगा।

# दो दिवस में करें समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण- कलेक्टर

### टीएल बैठक में अभियान के जरिए राजस्व प्रकरण निराकृत करने के भी दिए गए निर्देश

**पन्ना।**




कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आगामी 28 अगस्त को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित शिकायतों का अनिवार्य रूप से 2 दिवस में शत प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ 100 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित समस्याओं के निराकरण और शासन की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रम में भी समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विशेष रूप से राजस्व विभाग अंतर्गत दो दिवस में शिकायत का निराकरण अपेक्षा अनुरूप न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने रैपुरा, सिमरिया और अमानगंज तहसील में अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी जताई।

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से संवाद कर अभियान मोड में पुरानी एवं वर्तमान माह की शिकायत निराकृत कराएं। राजस्व अधिकारी अपने कार्यों की बदौलत आमजनों के बीच स्वयं की साख स्थापित करें। साथ ही कार्य के प्रति अपना दृष्टिकोण भी बदलें। जिला कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहनगर, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी अजयगढ़, जिला सेनानी होमगार्ड द्वारा एल 1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने पर नाराजगी जताई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सीमांकन व नामांकन प्रकरणों सहित जाति प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड इत्यादि के मामलों में भी समय सीमा में जरूरी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने टीएल और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए तथा पृथक से समीक्षा की बात भी कही। इसके अलावा विभाग स्तर पर अधिक संख्या में लंबित मामलों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से अधिकारियों को शासकीय कार्य संपादन के लिए अपना कार्य समय बढ़ाने की सलाह भी दी। चयनित विभागों की चिन्हांकित योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे जिले की रैंक में निरंतर सुधार परिलक्षित हो।

### शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर सुनिश्चित हो कार्यवाही

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि गत 23 अगस्त को कल्दा में आयोजित वृहद स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। हर आवेदन पर पात्रता और अपात्रता के आधार पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह में इनका निराकरण किया जाए। अपात्रता की स्थिति में आवेदक को लिखित में सूचित करने के निर्देश भी दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित वित्तीय साक्षरता शिविरों के संबंध में आवश्यक समन्वय सहित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित 108 ग्रामों में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि एमएलसी और पीएम रिपोर्ट भी समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड कराई जाए। एसडीएम की सहभागिता से जिले के अन्य स्थानों पर संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों में भी न्यूट्री बॉस्केट के वितरण के लिए जरूरी समन्वय करें तथा किसी भी स्थिति में एनआरसी में बेड की रिक्तता न रखने के लिए कहा।

टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं में प्रकरणों की स्वीकृति, सबमिशन और वितरण की समीक्षा की गई और बैंक स्तर पर प्रकरण के अस्वीकृति की स्थिति में इनके परीक्षण और बैंक स्तर पर लापरवाही के मामलों पर भी अवगत कराने के निर्देश दिए। आजीविका मिशन अंतर्गत माहवार लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों की कम स्वीकृति पर आगामी एक सप्ताह में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया अन्यथा अधीनस्थ कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के प्रतिदिन के कार्यों की रिपोर्ट लेने और गौशालाओं में विस्थापित हर गौवंश की टैगिंग कार्य के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं से गौवंश को मुक्त करने की स्थिति में अधिक अर्थदंड अधिरोपित कर गौवंश को पुनः निराश्रित न छोड़ने की चेतावनी के साथ छोड़ें। इस कार्य में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी आवश्यक सहयोग एवं समन्वय प्रदान करें।

### 31 अगस्त को आ सकते है मुख्यमंत्री डॉ. यादव

कलेक्टर ने टीएल बैठक में अवगत कराया कि रविवार, 31 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर में राधा अष्टमी पर्व के अवसर पर आयोजित रासलीला कार्यक्रम में शामिल होना संभावित है। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को 5 दिवसीय रासलीला कार्यक्रम के लिए आवश्यक कार्यवाही एवं तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यूरिया के अग्रिम भंडारण की कार्यवाही सहित मांग अनुरूप निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी चर्चा की गई। ई-ऑफिस परियोजना के क्रियान्वयन में पिछड़े आरटीओ और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी सहित जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल ईएमडी जानकारी प्रेषित करने के निर्देश दिए। रेलवे लाइन परियोजना के तहत कुछ बकायादारों को मुआवजा राशि के तत्काल भुगतान, वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों के आवेदनों के परीक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवेदनों की पात्रता संबंधी जांच इत्यादि के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# खाद वितरण में अव्यवस्था, आक्रोशित किसानों ने रोका राजमार्ग

**पवई।** क्षेत्र में खाद संकट गहराने से अन्नदाता किसानों की परेशानियां चरम पर पहुंच गई हैं। धान की फसल के लिए खाद आवश्यक होने के बावजूद किसान दो-दो बोरी खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। शुक्रवार को किसानों ने खाद की ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत एसडीएम समीक्षा जैन को लिखित आवेदन देकर की थी, किंतु शिकायत के बाद भी प्रशासन हरकत में नहीं आया। इस लापरवाही से आक्रोशित किसानों ने रविवार को मंडी स्थित खाद खरीदी केंद्र पर जमकर हंगामा किया। सुबह से ही खाद केंद्र पर लगभग पांच सौ से अधिक किसान कतारबद्ध होकर खड़े थे। टोकन वितरण की व्यवस्था की गई, लेकिन भीड़ अधिक होने से हालात बेकाबू हो गए। कई किसान सुबह सूरज निकलने से पहले ही लाइन में लग गए, परंतु घंटों धूप-भूख सहने के बाद भी खाद नहीं मिल पाई। धीरे-धीरे किसानों का धैर्य जवाब देने लगा और अव्यवस्था बढ़ गई।

**किसानों ने किया राजमार्ग जाम-** टोकन वितरण में गड़बड़ी और प्रशासन की चुप्पी से नाराज किसानों ने दोपहर 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पन्नादृकटनी राजकीय राजमार्ग क्रमांक 43 को अवरुद्ध कर दिया। जाम लगते ही राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और दर्जनों वाहन घंटों फंसे रहे। राहगीर और यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों के इस कदम के बाद ही प्रशासन हरकत में आया। सूचना मिलते ही एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूशाम, एसडीओपी भावना सिंह दांगी एवं थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाइश दी और किसी तरह जाम खुलवाया। इसके बाद अधिकारियों ने बिना कतार के ही किसानों को टोकन बांटना शुरू किया।





**प्रशासन की भूमिका पर सवाल-** किसानों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद प्रशासन ने समय रहते कार्यवाही नहीं की। यदि समय पर कदम उठाए जाते तो किसानों को सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती। खाद संकट को लेकर प्रशासन की लापरवाही अब किसानों की आजीविका पर सीधा असर डाल रही है। किसानों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से खेती करना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 सितंबर से

**दमोह।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर, इस वर्ष भी बेलाताल टापू स्थित श्री शिव साईं मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 11 सितंबर से शुरू होगा। यह कार्यक्रम पिछले 12 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक, पंडित कमलेश्वरानंद महाराज जी, अपने मुखारविंद से करेंगे, जिसका श्रवण पान कर सभी भक्तजन धर्म लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस धार्मिक आयोजन में शहर के कई श्रद्धालु भाग लेंगे। पितृ पक्ष के महत्व को देखते हुए, बेलाताल में तर्पण भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोग अपने पितरों को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहेंगे।

### मक्का की फसल पर सुअरों का कहर, बराखार के किसान बेहाल

बनवार। जिले की तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बीट भैंसखार की ग्राम पंचायत बीजा डोगरी के बराखर गांव में इन दिनों किसान जंगली सुअरों के आतंक से परेशान हैं। खेतों में लहलहाती मक्का की फसल को रात होते ही जंगली सुअरों के झुंड रौंद डालते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बराखर निवासी किसान विश्वनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष करीब 5 एकड़ में मक्का की फसल बोई है, लेकिन बीते कुछ दिनों से जंगल की ओर से आने वाले जंगली सुअर पूरी फसल को नुकसान पहुँचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रातभर खेतों में जागकर भी सुअरों को रोक पाना मुश्किल हो गया है। सुअरों का झुंड न केवल फसल को रौंदता है, बल्कि मिट्टी भी खोदकर खेतों को बंजर बना देता है।किसानों ने वन विभाग और प्रशासन से गुहार लगाई है कि इन जानवरों से फसल बचाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो जाएगी और किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ेगी।ग्रामीण अब एकजुट होकर समाधान की मांग कर रहे हैं।

### जिला शिक्षा अधिकारी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, कमिश्नर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर के एमएलबी विद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व प्रभारी बीईओ बीपी ठाकुर द्वारा पद का दुरुपयोग कर विगत वर्ष माह अक्टूबर में अपना स्वयं का चार माह का वेतन अनुपस्थित रहते हुए भी आहरण किया गया था जिसकी शिकायत विगत वर्ष नवंबर में दमोह कलेक्टर एवं कमिश्नर से की गई थी जिसकी जांच जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बटियागढ बीईओ को दी गई थी लेकिन उनके द्वारा आज तक कोई जांच न किए जाने पर आवेदक ने दमोह डीईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कमिश्नर सागर को पुनः शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। आवेदक राजेंद्र अवस्थी ने कमिश्नर को दिए शिकायत पत्र में उल्लेख किया कि विगत 12 नवंबर को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत की गई थी कि आहरण संवितरण अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हटा ने अपने मूल पद एमएलबी प्राचार्य का वित्तीय अधिकार का दुरुपयोग कर नियम विरुद्ध तरीके से मई 2023 से अगस्त 2023 तक का बिना वरिष्ठ अधिकारियों की स्वीकृति के वेतन का आहरण किया गया है जहां कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया था वहीं जिला शिक्षा द्वारा 9 जनवरी 2025 को बटियागढ बीईओ को जांच करने आदेश जारी किया गया था लेकिन उनके द्वारा आज तक जांच नहीं की गई। शिकायत में आवेदक अवस्थी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी नेमा पर मामले में भ्रष्टाचार कर एमएलबी प्राचार्य बी डी ठाकुर को संरक्षण दिये जाने का आरोप लगाया है।आवेदक ने उच्च स्तरीय जांच कराने कमिश्नर सागर से लिखित शिकायत की है।अब देखना होगा कि पूर्व प्रभारी बीईओ हटा एवं वर्तमान में एमएलबी प्राचार्य द्वारा किए गए लाखों के भ्रष्टाचार की जांच में आंच कब देखने को मिलती है।

---

ग्रामीणों ने जताया आक्रोश, डीपीसी बोले- जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

# स्कूल में बच्चों से शौचालय साफ कराने का वीडियो हुआ वायरल

छतरपुर।




जिले के नौगांव क्षेत्र के कीरतपुरा गांव में शासकीय स्कूल के बच्चों से शौचालय की सफाई करवाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने स्कूल प्रभारी पर बच्चों से गंदे बाथरूम साफ करवाने का आरोप लगाया है, जिसके वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। इस मामले में डीपीसी ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कीरतपुरा गांव के शासकीय स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों को झाड़ू और पोछा थमाकर गंदे शौचालयों की सफाई करवाई जा रही थी, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में बच्चे पढ़ाई छोड़कर बाथरूम की गंदगी साफ करते दिख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है, स्कूल प्रभारी अक्सर बच्चों से सफाई सहित अन्य काम करवाते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से इस मामले की गंभीर जांच कर स्कूल प्रभारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**इनका कहना है -**

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। मैं तुरंत वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच करवाता हूं, यदि यह कृत्य सिद्ध हुआ तो स्कूल प्रभारी को नोटिस जारी किया जाएगा। बच्चों से सफाई का काम करवाना गलत है। स्कूलों में सफाई के लिए राशि दी जाती है, यदि आरोप सही पाया गया तो स्कूल प्रभारी पर निलंबन और वेतन वृद्धि रोकने जैसी कार्रवाई की जाएगी।

**अरुण पांडेय,**
**जिला परियोजना समन्वयक, शिक्षा विभाग**

---

### मेडीकल हेल्थ चैकप शिविर एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन



**खजुराहो।** रेल्वे विभाग के मुख्यालय के आदेश के क्रम में खजुराहो रेल्वे स्टेशन ने वरिष्ठ मं. कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में बीते रोज जन अदालत शिकायत निवारण शिविर, उम्मीद कार्ड एवं मेडीकल हेल्थ चैकप शिविर का आयोजन 22 अगस्त को किया गया था। जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने शिविर का लाभ प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मनोज कुमार साहू चीफ बेलफेयर इंस्पेक्टर, राजीव पाण्डे बेलफेयर इंस्पेक्टर, यश पाटेकर सीसीआई, भुवनेश कुमार अवस्थी प्रभारी रनिंग रूम, मुलायम सिंह यादव क्रू नियंत्रक लावी, दीपक चतुर्वेदी एसएसई/वर्क, अपूर्व झा ओएस/कार्मिक, मनेन्द्र सिंह चौहान ओएस शिविर में उपस्थित रहे अंत में स्टेशन प्रबंधक खजुराहो मोहित सैनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस जन अदालत शिकायत निवारण शिविर में कर्मचारियों की समस्याएं सुनी गई और उनका निराकरण किया गया साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उपचार की सलाह दी गई। इस शिविर की कर्मचारियों द्वारा सराहना की गई।

---

## वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल की समस्याओं के लिए पटवारियों को बनाया जा रहा दोषी



### मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन, 1 सितंबर से पोर्टल का करेंगे बहिष्कार

छतरपुर।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने सोमवार को वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण हो रही परेशानियों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से प्रमुख सचिव (राजस्व), मध्यप्रदेश शासन को ज्ञापन भेजा है। पटवारियों का कहना है कि वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल की समस्याओं के लिए पटवारियों को दोषी बनाया जा रहा है, जो कि न्यायसंगत नहीं है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 1 सितंबर से पोर्टल पर होने वाले कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार अवस्थी ने बताया कि पहले पटवारी वेबजीआईएस 1.0 पोर्टल पर राजस्व रिकॉर्ड में संशोधन का काम करते थे, लेकिन हाल ही में लागू किए गए वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल में कई तकनीकी खामियां हैं, जिसके कारण राजस्व न्यायालयों के आदेशों का पालन, खसरा आधार ईकेवाईसी सत्यापन, साइबर तहसील नामांतरण जैसे कार्य नहीं हो पा रहे। इससे किसान परेशान हैं और वे गलतफहमी में पटवारियों को जिम्मेदार ठहराते हैं। श्री अवस्थी ने बताया कि गत 12 अगस्त को प्रदेश स्तर पर प्रमुख सचिव को इस बारे में ज्ञापन दिया गया था, जिस पर उन्हें समाधान का आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, फार्मर रजिस्ट्री में भी तकनीकी दिक्कतों के कारण काम प्रभावित हो रहा है, फिर भी पटवारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। राजस्व न्यायालयों के आदेशों पर अमल, खसरा आधार सत्यापन और अन्य कार्य रुके हुए हैं, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें बढ़ रही हैं। ?उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी पटवारी 1 सितंबर 2025 से वेबजीआईएस 2.0 पोर्टल पर होने वाले कार्यों से विरत रहेंगे, अन्य शासकीय कार्य यथावत जारी रखेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

---

## कल से होगी गणेशोत्सव की धूम



प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

**छतरपुर।** 27 सितंबर यानी कि कल से शुरू होने जा रहे गणेशोत्सव की तैयारियां पूरे जिले में जोरों पर हैं। भक्तों में उत्साह है और मूर्तिकार, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस बार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ज्यादातर स्थानों पर मिट्टी की मूर्तियां बनाई जा रही हैं।

मूर्तिकार बिहारी प्रजापति ने बताया कि गणेशोत्सव के लिए अब केवल एक दिन बचा है। हम रात भर जाग-जागकर काम कर रहे हैं। बिहारी ने बताया कि वे पर्यावरण का ध्यान रखते हुए केवल शुद्ध मिट्टी की मूर्तियां बनाते हैं और पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) का उपयोग नहीं करते। मूर्ति निर्माण का काम दो महीने पहले गर्मियों में शुरू हो गया था, क्योंकि एक मूर्ति बनाने में करीब 60 दिन लगते हैं। चिकनी मिट्टी को कपड़े से छानकर कंकड़ रहित करने के बाद उससे सुंदर मूर्तियां तैयार की जाती हैं। बिहारी ने बताया कि यह कला उन्होंने अपने बड़े भाई से सीखी और पिछले 20 साल से वे मूर्तियां बना रहे हैं। उनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां एक फुट से लेकर नौ फुट तक की हैं, जिनकी कीमत 1,000 रुपये से 13,000 रुपये तक है। उन्होंने बताया कि इस साल मौसम खराब रहने के कारण ज्यादा मूर्तियां नहीं बन पाईं, लेकिन फिर भी भक्तों के लिए उनके पार्याप्त प्रतिमाएं हैं।

---

स्कूल में समय पर नहीं पहुंच रहे शिक्षक

## मध्याह्न भोजन में भी अनियमितता, अभिभावकों ने की कार्रवाई की मांग

**ईशानगर।** क्षेत्र के भेलसी गांव में शासकीय स्कूलों के शिक्षकों की मनमानी और लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है। अभिभावकों ने शिक्षकों पर समय पर न आने, मध्याह्न भोजन में अनियमितता और बच्चों से बर्तन धुलवाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।



ग्रामीण अभिभावकों ने स्कूल में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। अभिभावक भागराज यादव, देशराज यादव और सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि स्कूल में 116 छात्र पंजीकृत हैं और पांच शिक्षक नियुक्त हैं, लेकिन केवल अतिथि शिक्षक जयराम प्रजापति समय पर पहुंचे थे। प्रधानाध्यापक बलवीर सिंह भदौरिया, जो वर्तमान में सीएसी के पद पर हैं, की अनुपस्थिति और लापरवाही उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है। अभिभावकों ने बताया कि सहायक शिक्षक और अतिथि शिक्षक बिना छुट्टी के गायब रहते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा, मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार नहीं मिलता, न ही यह पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण होता है। बच्चों से बर्तन धुलवाने और झाड़ू लगवाने जैसे काम करवाए जाते हैं। जब अभिभावक शिकायत करने स्कूल पहुंचते हैं, तो शिक्षक उन्हें एफआईआर की धमकी देते हैं। इस मामले में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) अरुण शंकर पांडे ने कहा कि शिक्षकों के समय पर न आने, बिना छुट्टी के गायब रहने और मध्याह्न भोजन की अनियमितता पर नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

---

## रास्ता रोककर युवक पर लाठी-डंडों और चाकू से हमला

### लेन-देन के विवाद में तीसरी बार हुई मारपीट

छतरपुर।

लेन-देन के विवाद के चलते एक युवक पर रास्ता रोककर लाठी-डंडों और चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं हैं, और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के मुताबिक यह तीसरी बार है जब आरोपियों ने उसकी पिटाई की है।



रितिक पुत्र राजेश खरे उम्र 24 वर्ष ने बताया कि वह सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर रहता है। सोमवार को वह ग्राम पनौठा से लौट रहा था, तभी सागर रोड पर हरी वाटिका के पास हमलावरों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं आरोपियों ने उस पर चाकू से वार भी किया, जिससे उसकी पीठ और पैर में चोटें आईं हैं। घायल रितिक को परिजनों ने छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां सिविल लाइन थाना पुलिस भी पहुंची। रितिक ने बताया कि वह सीमेंट बेचने का काम करता है और आरोपियों से उसके 50 हजार रुपये मिलना हैं, जिसको लेकर आरोपी पूर्व में दो बार और उसके साथ मारपीट कर चुके हैं, जिनकी शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज है।

---

# छतरपुर विश्वविद्यालय में नहीं थम रहा छात्रों का विरोध

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर।** मनमानी और लापरवाही के लिए विख्यात हो चुके छतरपुर के महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विरोध थमने का नाम नहीं दे रहा है। हर रोज किसी न किसी बात को लेकर विवि के छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पिछले दिनों विवि द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम की खामियों और विश्वविद्यालय की अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री आकाश दीक्षित ने बताया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणामों सहित प्रशासनिक कार्यप्रणाली में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। परीक्षाओं में कई छात्रों का परिणाम अत्यंत खराब आया है, जिससे प्रतीत हो रहा है कि उत्तर पुस्तिकाओं की सही ढंग से जांच नहीं की गई है। कई छात्र ऐसे हैं जिनकी कॉपियाँ जांची ही नहीं गईं, फिर भी उनका परिणाम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अपने चहेते शिक्षकों को भेजा जाता है, जिससे निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हो पाता। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा छात्रों के साथ अत्यंत अपमानजनक और अनुचित व्यवहार किया जाता है। शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। ज्ञापन के माध्यम से सभी छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं की पुनः निष्पक्ष जांच कराए जाने, कॉपी जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाने, कर्मचारियों के दुर्व्यवहार पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने और सत्र की समयबद्ध शुरुआत सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। छात्रों ने यह चेतावनी भी दी है कि अगर विश्विद्यालय प्रशासन 7 दिनों के अन्दर समस्याओं का समाधान नहीं करता है तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा।

---




### विश्वविद्यालय में 'माटी-गणेश, सिद्ध गणेश अभियान पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में 'माटी-गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का शानदार शुभारंभ हुआ। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सोमवार को विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग के तत्वावधान में कुलगुरु के संरक्षण, कुलसचिव के मार्गदर्शन और चित्रकला व समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ममता वाजपेई के निर्देशन में 25-26 अगस्त तक चलने वाली कार्यशाला शुरू हुई। प्रो. ममता बाजपेई ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए 'माटी-गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत यह कार्यशाला आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण देना है। छतरपुर के प्रख्यात मूर्तिकार पं. दिनेश शर्मा दो दिनों तक छात्रों को यह कला सिखा रहे हैं। यह अभियान आगामी गणेशोत्सव में मिट्टी की प्रतिमाओं का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने का आह्वान करता है। कार्यक्रम में चित्रकला विभाग की विषय विशेषज्ञ डॉ. गरिमा मिश्रा, कुमारी ख्याति अग्रवाल, कुमारी ज्योत्सना जैन, डॉ. रीना वाजपेई, राकेश कुड़ेरिया, सुयश सागर बाजपेयी, डॉ. अनूप दीक्षित, डॉ. सोमवती अनुरागी, इमरान खान, रमेश प्रभाकर और कपिल देव कुडेरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इला कौशिक ने किया।

---

## चोरी की घटनाओं से फैली दहशत, रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की मांग



नागरिकों ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**बकस्वाहा।** नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं ने नागरिकों में भय और आक्रोश पैदा कर दिया है। हाल ही में हुई चोरियों के बाद भी पुलिस की निष्क्रियता से नाराज नागरिकों ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

नगरवासियों ने बताया कि बकस्वाहा में 21 अगस्त की रात वार्ड क्रमांक 15 और 10 में अज्ञात चोरों ने घरों के ताले तोड़कर जेवरात, नगदी और घरेलू सामान चुरा लिया। पीड़ितों ने बताया कि पुलिस ने केवल कच्ची रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो एफआईआर दर्ज हुई और न ही चोरों का कोई सुराग मिला।

इससे नाराज नागरिकों ने तहसीलदार भरत पांडे और थाना प्रभारी अवधेश दुबे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शीघ्र एफआईआर दर्ज कर चोरों को गिरफ्तार किया जाए और चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश हो। साथ ही, नागरिकों ने रात्रीकालीन गश्त बढ़ाने की अपील की ताकि लोग बिना डर के चैन की नींद सो सकें। तहसीलदार भरत पांडे ने पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही, जबकि सब इंस्पेक्टर अवधेश दुबे ने जल्द चोरों को पकडऩे का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### नगर परिषद सीमा में आने वाली अवैध कॉलोनियों का चिन्हांकन करें - कलेक्टर

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने तहसीलदार मऊगंज, हनुमना एवं नईगढ़ी को निर्देश दिये हैं कि नगर परिषद सीमा में आने वाली सभी अवैध कालोनियों का चिन्हाकन कर जांच प्रतिवेदन एसडीएम के माध्यम से प्रस्तुत करें। नियत समय में प्रतिवेदन न प्राप्त होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### तीन साल से फरार लूट का शातिर बदमाश गिरफ्तार



**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना पुलिस ने 3 वर्ष से फरार लूट के आरोपी शुभम सिंह उर्फ शिब्बू को गिरफ्तार किया है, आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी लूट सहित अन्य अपराध पंजीबद्ध है। कार्रवाई को लेकर सिरमौर थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 8 अगस्त 2022 को फरियादी सिद्धमुनि साहू निवासी ग्राम बरहा थाना सेमरिया द्वारा सिरमौर थाना क्षेत्र में 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबाइल ,पैसा और स्कूटी लूट करने की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने स्कूटी को लावारिस हालत में बरामद कर लिया था। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी पुलिस ने वारदात को अंजाम देते वाले दो आरोपियों में से एक आरोपी को मुखबिर से मिली सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी शुभम सिंह उर्फ शिब्बू पिता दिनेश सिंह 29 वर्ष निवासी राजगढ़ थाना सिरमौर के कब्जे से पुलिस ने एक मोबाइल और 10 हजार रुपए बरामद किया गया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। बताया गया कि आरोपी सिरमौर थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी करीब 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

रोजगार मेले में 10 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित करने की तैयारी

# सभी विभाग 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ए ग्रेड में आएंः कलेक्टर

रीवा। कलेक्ट्रेट सभगार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि अगस्त माह में कई अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन में प्रकरणों का बड़ी संख्या में निराकरण करके अच्छा कार्य किया है। अधिकारी स्वयं प्रकरणों को देखकर उनमें तथ्यपरक प्रतिवेदन दर्ज करें। अभी भी ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, नगर निगम, खाद्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वित्त विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग सहित कई विभाग रैंकिंग में डी श्रेणी में हैं। सभी अधिकारी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके 10 सितम्बर तक विभाग की ग्रेडिंग ए करें। इसके बाद तय समय सीमा में ए ग्रेड में न होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी एसडीएम राजस्व विभाग की शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री ऊर्जा बिजली बिलों में सुधार की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर लगाएं। अगस्त माह की शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अक्टूबर माह में रीवा में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें संभाग के 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। रीवा जिले के 10 हजार हितग्राही विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित किए जाएंगे। हितग्राही मूलक योजनाओं से जुड़े सभी



अधिकारी हितग्राहियों का चयन करके 10 दिवस में प्रकरण तैयार कर बैंकों में प्रस्तुत कर दें। इसके बाद अग्रणी बैंक प्रबंधक हर सप्ताह स्वरोजगार प्रकरणों का निराकरण कराकर रोजगार मेले में वितरण की तैयारी कराएं। सभी स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कराएं। निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राहियों की भी सूची तैयार कर लें। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में निजी कंपनियाँ भी शामिल होंगी। कलेक्टर ने कहा कि 26 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कलेक्ट्रेट सभागार में पिछड़ावर्ग के कल्याण के लिए लागू योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि सभी सीएमओ शहरी आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के प्रस्ताव तीन दिवस में प्रस्तुत कर दें। सभी एसडीएम धारणाधिकार योजना के तहत दर्ज आवेदनों का निराकरण कर दें जिससे पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिया जा सके। धारणाधिकार के आवेदन लोक सेवा केन्द्र तथा कॉमन सर्विस सेंटर से दर्ज कराएं। सभी एसडीएम आवास योजना के हितग्राहियों के नामांतरण के प्रकरण सात दिवस में निराकृत कराएं। सभी सीएमओ आवास योजना से प्रथम किश्त की राशि मिलने के बाद आवास का निर्माण न कराने वालों के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही करें। इसके लिए आरआरसी जारी कराएं। बैठक में संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में पेयजल व्यवस्था, ई केवाईसी अपडेशन तथा भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुधाकर सिंह, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम मनगवां संजय जैन तथा संभा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रीवा में ट्रैफिक और क्राइम पर लगेगा कैमरा कंट्रोल,200 लोकेशनों पर सीसीटीवी लगाने की तैयारी

### इंटीग्रेटेड सिस्टम से जुड़ेंगे कैमरे, पुलिस मुख्यालय ने मांगी जानकारी, पुलिस ने शुरू किया चिन्हांकन कार्य



**रीवा।** शहर की सड़कों पर रफ्तार से भागते वाहनों और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी अब ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाएगी। रीवा पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और अपराध नियंत्रण को मजबूत बनाने के लिए शहर में 200 नए स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी कार्यालय ने लोकेशनों की पहचान का कार्य शुरू कर दिया है, जिसमें मुख्य सड़कों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस नई पहल के तहत लगाए जाने वाले कैमरे महज निगरानी तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें इंटीग्रेटेड ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिससे ओवर स्पीड, रेड लाइट जंपिंग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के ड्राइविंग जैसी ट्रैफिक उल्लंघनों पर सीधे ई-चालान जारी किए जा सकेंगे। कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी वास्तविक समय में फुटेज देख सकेंगे और कार्रवाई कर सकेंगे।

### शहर में पहले से 270 कैमरे, 100 बंद

फिलहाल शहर के 43 प्रमुख स्थलों पर पुलिस विभाग के 250 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वहीं नगर निगम द्वारा 11 लोकेशनों पर अतिरिक्त कैमरे लगाए गए हैं। इनकी कुल संख्या 270 के आसपास है। परंतु तकनीकी दिक्कतों, खासकर बरसात के मौसम में फाइबर कट और केबल क्षति के चलते करीब 100 कैमरे बंद पड़े हैं। हाल ही में शुरू हुई मरम्मत प्रक्रिया के तहत अब तक कुछ कैमरे पुनः चालू किए जा चुके हैं। बाकी को ठीक करने में करीब एक सप्ताह का समय लग सकता है।

### निजी कंपनियों से हटकर पुलिस ने खुद संभाली जिम्मेदारी

सीसीटीवी सिस्टम का संचालन पहले हनीवेल और टेक्नोसिस जैसी निजी कंपनियों के हाथ में था। लेकिन अनुबंध समाप्त होने के बाद अब पुलिस विभाग ने निर्णय लिया है कि संचालन की जिम्मेदारी सीधे अपनी रेडियो शाखा को सौंपी जाए। इसके लिए विशेष बजट का प्रावधान किया गया है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर टेक्नीशियन हायर कर कैमरों की मरम्मत और रखरखाव कराया जा सके।

### पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकता में शहर, गांव रह गए पीछे

गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस विभाग ने शुरुआत में ग्रामीण क्षेत्रों में कैमरे लगाने का प्रस्ताव तैयार किया था, जहां आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। चाकघाट, सोहागी और गुढ़ जैसे क्षेत्रों में संपत्ति संबंधी अपराध और हाईवे लूटपाट की घटनाएं आम हो गई हैं। लेकिन पुलिस मुख्यालय ने प्राथमिकता फिलहाल शहरी क्षेत्र को दी है। जानकार मानते हैं कि यदि गांवों को नजरअंदाज किया गया तो अपराधी शहर में पकड़े जाने से पहले ही हाईवे के रास्ते गायब हो सकते हैं।

## हरतालिका तीज का व्रत आजः पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखेंगी महिलाएं

### इस बार 5 दुर्लभ योगों में होगा व्रत, शिव-पार्वती की आराधना से मिलेगा सौभाग्य

**रीवा।** भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला हरतालिका तीज व्रत इस बार विशेष ज्योतिषीय संयोगों के बीच आया है, आज मंगलवार को उदया तिथि में मनाया जाने वाला यह पर्व महिला श्रद्धालुओं के लिए न केवल आस्था का विषय है, बल्कि ज्योतिषीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। इस बार तीज पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग, गजकेसरी योग, पंचमहापुरुष योग और मध नक्षत्र जैसे पांच शुभ संयोग एकसाथ बन रहे हैं। आचार्य राम गोविंद शास्त्री के अनुसार, इन योगों के प्रभाव से व्रत का पुण्य फल कई गुना अधिक हो जाएगा। विशेष बात यह भी है कि तृतीया तिथि सोमवार 25 अगस्त को दोपहर 11:39 बजे प्रारंभ होकर आज मंगलवार 26 अगस्त को दोपहर 12:39 बजे तक रहेगी। चूंकि उदया तिथि आज मंगलवार को है,अतः व्रत आज के दिन मान्य होगा। हरतालिका तीज व्रत का विशेष महत्व स्त्रियों के लिए है। यह पर्व देवी पार्वती की उस तपस्या की स्मृति में मनाया जाता है, जब उन्होंने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए घोर तप किया था। पौराणिक मान्यता है कि माता पार्वती ने जंगल में गुफा में जाकर रेत से शिवलिंग बनाकर शिवजी की कठोर आराधना की थी। उसी दिन को स्मरण



करते हुए महिलाएं आज भी निर्जला व्रत रखती हैं और शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करती हैं।

### कन्याओं के लिए भी अत्यंत शुभ व्रत

हरतालिका तीज केवल विवाहित महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि कुंवारी कन्याओं के लिए भी विशेष फलदायी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत करने से मनचाहा वर प्राप्त होता है। वहीं विवाहित स्त्रियों को अखंड सौभाग्य और सुखमय दांपत्य जीवन का वरदान मिलता है।

### शहर में पूजन सामग्री की खरीदारी जोरों पर

हरतालिका तीज को लेकर रीवा समेत आसपास के क्षेत्रों में बाजारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पूजा में उपयोग होने वाले फल, फूल, सौंदर्य सामग्री, श्रृंगार के सामान और पारंपरिक पूजन की वस्तुएं खरीदी जा रही हैं।

### तीज की पूजा विधि

हरतालिका तीज पर सुहागन महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और नए वस्त्र पहनें। इसके बाद मंदिर में दीप फज्वलित करें। देवी-देवाहओं को धूप-दीप दिखाएं और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद मां पार्वती भगवान शिव और गणेश जी की विधि विधान से पूजा करें। हरतालिका तीज व्रत कथा का पाठ करें और सभी देवी-देवताओं की आरती उतारें। मां पार्वती को श्रृंगार का सामान अर्पित करें और अखंड सौभाग्य की कामना करें। भगवान को भोग भी लगाएं।

### व्रत का पारण 27 अगस्त को

व्रत का पारण, यानी व्रत खोलने की प्रक्रिया, अगले दिन 27 अगस्त बुधवार को प्रातःकाल विधिपूर्वक की जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, व्रतधारियों को पारण के समय ध्यान रखना चाहिए कि व्रत का समापन नियम और मंत्रोच्चारण के साथ किया जाए।

## देवतालाब में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर कमिश्नर ने किया निरीक्षण

**मऊगंज।** जिले के देवतालाब मे मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्रस्तावित आगमन को लेकर आज कमिश्नर रीवा बी.एस. जामोद ने देवतालाब में तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण का क्रम हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल से शुरू होकर सभास्थल स्टेडियम और फिर प्रसिद्ध भूतभावन भगवान शिव मंदिर तक रहा। कमिश्नर ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए और वहां की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कमी न रहने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआईजी राजेश सिंह चंदेल, कलेक्टर मऊगंज संजय जैन, पुलिस अधीक्षक मऊगंज, एएसपी विक्रम सिंह, एसडीएम राजेश मेहता, तहसीलदार उमाकांत शर्मा, थाना प्रभारी लौर गोविन्द तिवारी, पीडब्ल्यूडी एसडीओ राजेश श्रीवास्तव, पटवारी सचिपति पटेल सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। वहीं, स्थानीय लोग जिसमे शिवपूजन शुक्ला, शिवकुमार शुक्ला, नागेंद्र भारती, दिनेश भारती, कान्हा दीक्षित समेत कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### गांजा तस्करी में फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रीवा। जिले के जवा थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में फरार 6 हजार के इनामी तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार आरोपी बीते 1 वर्ष से फरार था। जिसे फिलहाल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई के संबंध में जवा थाना प्रभारी कमलेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने में दर्ज एनडीपीएस के मामले में फरार आरोपी लव प्रकाश उर्फ लव कुश तिवारी पिता अशोक तिवारी 36 वर्ष निवासी इटौरी थाना जवा को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी के मुताबिक जवा पुलिस ने पूर्व में 40 किलो गांजे की बड़ी खेप को पकड़ा था। उक्त कार्रवाई के दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था जिस पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन उसके लगातार फरार होने पर पुलिस अधीक्षक ने 6 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। जिसके बाद मुखबिर सूचना के बाद आरोपी पकड़ा गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## मऊगंज में साइबर एक्सपर्ट ने पुलिस को सिखाएं अपराधियों के मकड़जाल से बचने के उपाय





**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय सायबर सेमिनार में साइबर एक्सपर्ट एडवोकेट मोहित मिश्रा ने पुलिस महकमे को साइबर अपराधियों के मकड़जाल से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी हर रोज नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं जिससे बचाव ही सबसे बड़ा हथियार है। एडवोकेट मोहित मिश्रा ने विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी, जिनमें **वॉइस कॉलिंगः** अपराधी आपकी आवाज की नकल कर सकते हैं और इसका उपयोग गलत कामों के लिए कर सकते हैं। **सिम स्वैपिंगः** अपराधी आपकी सिम कार्ड की जानकारी चोरी कर सकते हैं और आपके नंबर का उपयोग गलत कामों के लिए कर सकते हैं। फेसबुक और व्हाट्सएप फ्रॉड अपराधी आपके सोशल मीडिया अकाउंट को हैक कर सकते हैं और आपके दोस्तों और परिवार के सदस्यों से पैसे मांग सकते हैं **ऑनलाइन ट्रांजैक्शन फ्रॉडः** अपराधी आपके ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की जानकारी चोरी कर सकते हैं और आपके खाते से पैसे निकाल सकते हैं एडवोकेट मोहित मिश्रा ने साइबर अपराधों से बचने के लिए साइबर अपराधों के बारे में जागरूक रहना और दूसरों को भी जागरूक करना। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय सावधानी बरतना और अपने अकाउंट की जानकारी सुरक्षित रखना मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना और इसे नियमित रूप से बदलते रहने की जानकारी दी। जिसमे प्रमुख रूप से पुलिस विभाग की भूमिका रही। मऊगंज एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे अपराधियों तक पहुंच सकें और समाज में घटने वाली घटनाओं पर अंकुश लगा सकें। सेमिनार में जिले भर से पुलिस कर्मियों ने भाग लिया और साइबर अपराधों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## कल्याण ज्वैलर्स ने रीवा में भव्य शोरूम के शुभारंभ के साथ मध्य प्रदेश में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया

### ब्रांड ने परंपरा और ट्रेंड को एक साथ लाकर ग्राहकों को दिया ज्वैलरी शॉपिंग का एक नया और बेहतरीन अनुभव



**रीवा।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी ज्वैलरी ब्रांड्स में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज रीवा के बारा, हुजूर नगर में अपने नए शो-रूम की शुरुआत की। बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने इस शो-रूम का उद्घाटन किया। इस नए शोरूम के साथ ब्रांड का उद्देश्य क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना है। इस शो-रूम में कल्याण ज्वैलर्स के शानदार डिज़ाइन उपलब्ध होंगे, जिनमें लोकप्रिय हाउस ब्रांड्स जैसे मुहूर्त (शादी के आभूषणों की श्रृंखला), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण) और निमाह (टेम्पल ज्वैलरी) और कई अन्य शामिल हैं। लॉन्च इवेंट में कल्याण ज्वैलर्स के एक्सक्लूसिव लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड कैंडियर को भी लांच किया गया, जो कंपनी की पेशकशों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने ट्रेंडी ज्वैलरी और समकालीन डिजाइनों के लिए मशहूर कैंडियर हल्के वजन के ज्वैलरी कलेक्शन पेश करता है जो आज की जेन जेड, कामकाजी महिलाओं और स्टाइल के दीवाने पुरुषों की पसंद को पूरा करते हैं। 10,000/- रुपये से शुरू होने वाली कीमतों के साथ कैंडियर के आभूषण आदर्श उपहार हैं। डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड के रूप में अपनी शुरुआत से लेकर ओमनी-चैनल रिटेलर के रूप में अपने विकास तक, कैंडियर ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा को एक फिजिकल स्टोर के स्पर्श और अनुभव पहलू के साथ जोड़ने को प्राथमिकता देता है। लक्ज़री माहौल और कल्याण ज्वैलर्स की विभिन्न सिग्नेचर लाइनों के व्यापक कलेक्शन के साथ यह नया शो-रूम रीवा के ग्राहकों को बेहतरीन शॉपिंग अनुभव देने के लिए तैयार है। उपस्थित प्रशंसकों को संबोधित करते हुए, बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने कहा, ₹कल्याण ज्वैलर्स के ब्रांड न्यू शोरूम के उद्घाटन के लिए उपस्थित होना मेरे लिए वाकई बड़े गर्व की बात है। कल्याण ज्वैलर्स का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि यह ब्रांड विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहकों को केंद्र में रखने जैसे मूल्यों में गहराई से विश्वास करता है। मुझे यकीन है कि हमारे ग्राहक न केवल उत्कृष्ट सेवा बल्कि हमारे विस्तृत ज्वैलरी कलेक्शन को भी बेहद पसंद करेंगे। नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा, ₹रीवा में कल्याण ज्वैलर्स और लाइफस्टाइल ब्रांड कैंडियर के ब्रांड न्यू शोरूम के लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसा बेजोड़ इकोसिस्टम बनाना है जो हमारे ग्राहकों की अनूठी आवश्यकताओं को पूरा करे और उनके शॉपिंग अनुभव को और बेहतर बनाए। हम लगातार विकसित होने के लिए प्रतिबद्ध हैं और विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करते हुए हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी की पेशकश जारी रखेंगे।₹

लॉन्च के जश्न में, कल्याण ज्वैलर्स ने 0% मेकिंग चार्जेज़* की विशेष पेशकश की है। साथ ही, कंपनी के सभी शो-रूम्स पर लागू स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट (बाज़ार में सबसे कम और मानकीकृत दर) का लाभ यहां भी मिलेगा। ये ऑफ़र सीमित समय के लिए मान्य रहेंगे। कल्याण ज्वैलर्स में बिकने वाली सभी ज्वैलरी BIS हॉलमार्क्ड हैं और कई स्तर की शुद्धता जाँच से गुजरती हैं। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा जो शुद्धता, आभूषणों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देता है। यह सर्टिफिकेशन अपने हितैषी ग्राहकों को सर्वोत्तम पेशकश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के लोकप्रिय घरेलू ब्रांड भी उपलब्ध होंगे, जिनमें मुहूर्त (शादी के आभूषणों की श्रृंखला), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमाह (मंदिर के आभूषण), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), जिया (सॉलिटेयर जैसे हीरे के आभूषण), अनोखी (बिना कटे हीरे), अपूर्वा (विशेष अवसरों के लिए हीरे), अंतरा (शादी के हीरे), हेरा (रोजाना पहने जाने वाले हीरे), रंग (कीमती पत्थरों के आभूषण) और हाल ही में लांच की गई लीला (रंगीन पत्थर और हीरे के आभूषण) शामिल हैं।